तू कितना अच्छा है तू कितना प्यारा है

तू कितना अच्छा है,
तू कितना प्यारा है,
तू श्याम हमारा है,
ओ श्याम मेरे श्याम,
ओ श्याम मेरे श्याम,
ये जो दुनिया है,
जीवन है कांटो का,
तू फुलवारी है,
ओ श्याम मेरे श्याम,
ओ श्याम मेरे श्याम।।

अपना मैं दुःख सुख,
तुझको सुनाऊँ...-2
तू मुस्काया मैं मुस्काई,
ऐसी कृपा हुई,
मेरे हंसने पे मेरे रोने पे,
तू बलिहारी है,
ओ श्याम मेरे श्याम,
ओ श्याम मेरे श्याम।।

दृष्टि दया करे,
श्याम तेरी अखियाँ...-2
तेरे बिन कुछ और ना भाये,
तुझ संग करनी बतियाँ,
तू पालनहारा है तू श्याम प्यारा है,
तू जग से न्यारा है,
ओ श्याम मेरे श्याम,
ओ श्याम मेरे श्याम।।

श्याम प्रेमियों से,
प्यार है करते...-2
वो होते हैं किस्मत वाले,
जिन्हे श्याम का प्यार मिला है,
'मोना' कहती है तुझको चाहती है,
भजन तेरे गाती है,
ओ श्याम मेरे श्याम,
ओ श्याम मेरे श्याम।।

तू कितना अच्छा है,

तू कितना प्यारा है,
तू श्याम हमारा है,
ओ श्याम मेरे श्याम,
ओ श्याम मेरे श्याम,
ये जो दुनिया है,
जीवन है कांटो का,
तू फुलवारी है,
ओ श्याम मेरे श्याम,
ओ श्याम मेरे श्याम।।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/23028/title/tu-kitna-acha-hai-tu-kitna-pyara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |